# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**
**COMPILED BY MEDIA CELL (13.03.2025)**

HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
DATE: 13.03.2025, PAGE-06

# पीजी में नामांकन की तीसरी मेरिट लिस्ट जारी

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में पीजी में दाखिले के लिए बुधवार को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई। तीसरी लिस्ट में 1733 छात्रों का चयन किया गया है। तीसरी लिस्ट का दाखिला 17 से 20 मार्च तक होगा। तीसरी लिस्ट के बाद छात्रों को विषय बदलने के लिए एडिट का विकल्प दिया जायेगा।

विवि में अबतक जारी दो मेरिट लिस्ट में 7967 छात्रों का दाखिला हुआ है। दूसरी मेरिट लिस्ट में 3651 छात्रों का नाम जारी किया गया था। विवि में पीजी में 11 हजार सीटों पर दाखिला लिया जाना है। 11 हजार सीटों के लिए 26 हजार छात्रों ने आवेदन किया था। पहली लिस्ट में 10 हजार 885 छात्रों के नाम जारी किये गये थे, जिनमें 6600 छात्रों ने दाखिला लिया था। दूसरी लिस्ट में 1300 छात्रों ने दाखिला लिया।

## भोजपुरी विभाग में महज तीन नामांकन

बीआरएबीयू के भोजपुरी विभाग में दो मेरिट लिस्ट के बाद सिर्फ तीन छात्रों ने दाखिला लिया है। विवि में भोजपुरी विभाग खोलने और इसके लिए अलग भवन बनाने की तैयारी की जा रही है। विवि में भोजपुरी विभाग अभी एलएस कॉलेज में चल रहा है। एलएस कॉलेज से हटाकर इसे विवि में स्थापित किया जायेगा।

**Ref:....................** **Date:..........................**


DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 13.03.2025, PAGE-04


# पीजी कोर्स में नामांकन के लिए जारी की गई तीसरी मेधा सूची

**17** से 20 मार्च तक मेधा सूची के आधार पर करा सकेंगे नामांकन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स में नामांकन के लिए बुधवार को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई। मेधा सूची के आधार पर विद्यार्थी आवंटित पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत कालेजों में 17 से 20 मार्च तक नामांकन ले सकेंगे। दूसरी मेधा सूची के आधार पर हुए नामांकन को कालेजों और पीजी विभागों की ओर से अपडेट किया गया है। इसी आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से तीसरी मेरिट लिस्ट जारी की गई है।

विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि तीसरी मेरिट लिस्ट में कुल 1733 विद्यार्थियों को जगह मिली है। होली की छुट्टियों के बाद कालेज और पीजी विभागों के खुलने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। दूसरी ओर पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर अब तक पीजी के विभिन्न कोर्सों में 8369 विद्यार्थियों ने नामांकन करा लिया है। दूसरी ओर पीजी के नए सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं की कक्षाएं होली के बाद से संचालित की जाएंगी। सत्र 2024-26 के तहत पीजी में नामांकन की प्रक्रिया फरवरी से चल रही है। सबसे अधिक पहली मेधा सूची के आधार पर विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है।

**विद्यार्थियों को आवेदन में एडिट का विकल्प मिलेगा :** तीसरी मेधा सूची से नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यार्थियों को आवेदन में एडिट का विकल्प मिलेगा। इस आधार पर विद्यार्थी अपना विषय भी बदल सकेंगे। हिंदी और इतिहास जैसे विषयों में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया है। ऐसे में इन विषयों में नामांकन से वंचित विद्यार्थी दूसरे विषय में नामांकन के लिए विकल्प का चयन कर सकेंगे।

**एडिट का विकल्प दिए जाने की मांग कर रहे छात्र :** पीजी में नामांकन के लिए आवेदन करने वाले विद्यार्थियों के आवेदन में काफी त्रुटियां मिल रही हैं। ऐसे में छात्र आवेदन लेकर विश्वविद्यालय में पहुंच रहे हैं। बुधवार को कई छात्र आवेदन के साथ डीएसडब्ल्यू कार्यालय में पहुंचे। उन्होंने आवेदन में एडिट का विकल्प दिए जाने की मांग की है। विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि तीसरी मेरिट लिस्ट जारी होने के बाद एडिट का विकल्प प्रदान किए जाने पर विचार होगा।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 13.03.2025, PAGE-04**

**समाचार सार**

## सीनेट की बैठक की तिथि में होगा बदलाव

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 27 मार्च होने वाली सीनेट की बैठक की तिथि में बदलाव होगा। बताया जा रहा है कि तिथि को मार्च के अंत में या अप्रैल के शुरुआत में किया जा सकता है। नई तिथि का निर्धारण अब तक नहीं हो सका है। इसको लेकर राज्यपाल के प्रधान सचिव रॉबर्ट एल चोंग्थू ने बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति को पत्र भेजा है। कहा गया है कि विश्वविद्यालयों में होने वाली सीनेट की बैठक में सदस्य के रूप में बिहार विधान मंडल के सदस्य भी शामिल होते हैं। 28 मार्च तक बिहार विधान मंडल का सत्र पूर्व से निर्धारित है। वर्तमान में भी सत्र चल रहा है। ऐसे में सत्र के दौरान सीनेट की बैठक में शामिल होने में सदस्यों को काफी असुविधा होगी। साथ ही कई विधायी कार्य प्रभावित होंगे।

## चुनाव के लिए शिक्षकों ने प्राप्त किया नामिनेशन फार्म

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के चुनाव के लिए बुधवार को कई शिक्षकों ने रजिस्ट्रार कार्यालय से नामांकन फार्म लिया और नामिनेशन भी किया। इसमें अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों और पीजी विभागों के शिक्षक भी शामिल हैं। सिंडिकेट के आठ सदस्यों का चुनाव होना है। इसमें चार पद शिक्षक और चार नन टीचिंग कैटेगरी में हैं। सीनेट की बैठक में ही चुनाव प्रक्रिया होगी।

## मूल्यांकन करने वाले शिक्षक लेंगे आनलाइन कक्षाएं

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में अंगीभूत से लेकर संबद्ध कालेजों के शिक्षक परीक्षा और मूल्यांकन कार्य के दौरान आनलाइन कक्षाओं का संचालन होगा। इसको लेकर डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह की ओर से बुधवार को निर्देश जारी किया गया है। सभी अंगीभूत और संबद्ध कालेजों के प्राचार्यों को निर्देश दिया गया है कि कालेज के शिक्षक अगर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन कार्य में लगे हैं तो कक्षाओं का संचालन आनलाइन होगा।

## 17 से भरे जाएंगे बीएएमएस की परीक्षा के फार्म

जासं, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से बीएएमएस कोर्स की परीक्षा के लिए फार्म भरने की तिथि जारी कर दी गई है। बीएएमएस सप्लीमेंट्री परीक्षा पार्ट वन (सत्र 2021 - 25), पार्ट टू सत्र 2020-24 और पार्ट थर्ड सत्र 20219-23 और पार्ट फोर्थ 2018-22 के लिए 17 से 22 मार्च तक फार्म भरे जाएंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**



PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE:13.03.2025, PAGE-04

## पीजी में नामांकन के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट जारी

- पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत कॉलेजों में 17 से 20 मार्च तक ले सकेंगे नामांकन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी कोर्स में नामांकन के लिए बुधवार को तीसरी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गयी है. विश्वविद्यालय की ओर से बताया गया है कि तीसरी मेरिट लिस्ट में कुल 1,733 विद्यार्थियों को जगह मिली है. होली की छुट्टियों के बाद कॉलेज और पीजी विभागों के खुलने के साथ ही नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी. मेधा सूची के आधार पर विद्यार्थी आवंटित पीजी विभागों से लेकर अंगीभूत कॉलेजों में 17 से 20 मार्च तक नामांकन ले सकेंगे. दूसरी मेधा सूची के आधार पर हुए नामांकन को कॉलेजों और पीजी विभागों की ओर से अपडेट किया गया है. इसी आधार पर विश्वविद्यालय की ओर से तीसरी मेरिट लिस्ट जारी की गयी है. पीजी के नये सत्र में नामांकित छात्र-छात्राओं की कक्षाएं होली के बाद से संचालित की जाएंगी. सत्र 2024 - 26 के तहत पीजी में नामांकन की प्रक्रिया फरवरी से चल रही है.

**विद्यार्थियों को आवेदन में एडिट का विकल्प मिलेगा:** सबसे अधिक पहली मेधा सूची के आधार पर विद्यार्थियों ने नामांकन कराया है. तीसरी मेधा सूची से नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विद्यार्थियों को आवेदन को एडिट का विकल्प मिलेगा. इस आधार पर विद्यार्थी अपना विषय भी बदल सकेंगे. हिंदी और इतिहास जैसे विषयों में काफी संख्या में विद्यार्थियों ने आवेदन किया है. ऐसे में इन विषयों में नामांकन से वंचित विद्यार्थी दूसरे विषय में नामांकन के लिए विकल्प का चयन कर सकेंगे. दूसरी ओर पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के आधार पर अब तक पीजी के विभिन्न कोर्सों में 8,369 विद्यार्थियों ने नामांकन करा लिया है.

## सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल चुनाव के लिए किया नॉमिनेशन

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में सिंडिकेट और एकेडमिक काउंसिल के सदस्यों के चुनाव के लिए बुधवार को कई शिक्षकों ने रजिस्ट्रार कार्यालय से नामांकन फार्म लिया. वहीं कई ने नॉमिनेशन भी किया. सिंडिकेट के आठ सदस्यों का चुनाव होना है. इसमें चार पद शिक्षक कैटेगरी में और 4 पद नन टीचिंग कैटेगरी में है. वहीं एकेडमिक काउंसिल के छह सदस्यों का चुनाव होना है. सीनेट की बैठक में ही चुनाव की प्रक्रिया पूरी होगी. पहले सीनेट की बैठक 27 मार्च को होने वाली थी लेकिन अब तिथि में बदलाव होगा. बताया जा रहा है कि जल्द ही सीनेट के बैठक की नयी तिथि का निर्धारण कर सदस्यों को इसकी सूचना दी जाएगी. इसमें अंगीभूत कॉलेजों से लेकर संबद्ध कॉलेजों और पीजी विभागों के शिक्षक भी शामिल हैं.

## रशियन में पीजी की पढ़ाई व पीएचडी के लिए मिली मंजूरी

रशियन में पीजी की पढ़ाई और पीएचडी के लिए आर्डिनेंस - रेगुलेशन को मंजूरी प्रदान की गई है. सदस्यों ने कहा कि रशियन में स्नातक की पढ़ाई नहीं है, लेकिन सीधे पीजी की पढ़ाई शुरू कराई जा रही है. इस पर मानविकी डीन प्रो. सतीश कुमार राय ने कहा कि विश्वविद्यालय की शैक्षिक प्रगति के लिए कोर्स शुरू किया जा रहा है. कई छात्र जेएनयू जैसे संस्थानों से स्नातक की पढ़ाई के बाद पीजी की पढ़ाई यहां से कर सकेंगे.

## बीटेक इन फूड टेक्नोलॉजी कोर्स का आर्डिनेंस रेगुलेशन स्वीकृत

**मुजफ्फरपुर.** एकेडमिक काउंसिल से विश्वविद्यालय में बीटेक इन फूड टेक्नोलॉजी कोर्स का आर्डिनेंस - रेगुलेशन की मंजूरी मिल गयी है. अब बारहवीं के बाद विद्यार्थी इस कोर्स में नामांकन ले सकेंगे. नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा होगी. इसमें उत्तीर्ण होने के लिए 35 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा. कुल 100 अंकों की प्रवेश परीक्षा होगी. शुरुआत में 40 सीटों पर नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. चार वर्षीय पाठ्यक्रम कुल आठ सेमेस्टर में विभाजित होगा. वहीं कोर्स का संचालन पीजी केमिस्ट्री विभाग में होगा. इसके बाद सीनेट से मंजूरी मिलने के बाद प्रस्ताव को राजभवन भेजा जाएगा. वहां से अनुमति मिलने के बाद कोर्स का संचालन शुरू होगा. प्रति सेमेस्टर करीब 30 हजार का शुल्क का प्रावधान किया गया है. वहीं विश्वविद्यालय में अब एलएलएम कोर्स तीन के बदले दो वर्ष का होगा.